दिनांक 01.02.2025 को अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थितिः–

1 डॉ बी० राजेन्दर, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
2 श्री भगवत राम, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
3 श्री निर्मल कुमार, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग
4 श्री संजय कुमार, संयुक्त सचिव–सह–अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ब्राडा
5 श्री अरूण कुमार प्रभाकर, नोडल पदाधिकारी, BRRMS
6 अन्य नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग

ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन सभी शीर्ष अन्तर्गत कार्यान्वित पंचवर्षीय अनुरक्षणाधीन पथों की BRRMS App के माध्यम से विशेष अभियान के तहत क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा माह सितम्बर से दिसम्बर तक की अवधि में जाँच करायी गयी थी।

1. पंचवर्षीय अनुरक्षणाधीन पथों के जाँच की प्रगतिः– BRRMS App के माध्यम से क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा किये गये पंचवर्षीय अनुरक्षण के निरीक्षण कार्य की सूची प्रमंडलवार असंतोषजनक श्रेणी के घटते हुए क्रम में परिशिष्ट–1 में संलग्न है। जिसमें शीर्ष 5 कार्य प्रमंडल आरा, दाउदनगर, बिहारशरीफ, सहरसा एवं दरभंगा–1 है, जहाॅ निरीक्षण के क्रम में अत्याधिक असंतोषजनक श्रेणी पाये गये है।

निदेशित किया जाता है कि किसी भी कार्य प्रमंडल के अन्तर्गत असंतोषजनक श्रेणी का प्रतिशत 5% से अधिक नहीं होना चाहिए। उक्त आलोक में निदेशित किया जाता है कि पंचवर्षीय अनुरक्षणाधीन सभी पथों में अनुरक्षण कार्य शत–प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए।

2. पंचवर्षीय अनुरक्षणाधीन पथों के Rectification की प्रगतिः– (a) पंचवर्षीय अनुरक्षणाधीन पथों के नियमित निरीक्षण के क्रम में असंतोषप्रद पाये गये पथों में त्रुटियों के निराकरण हेतु Rectification Module में पथों को माह सितम्बर से दिसम्बर, 2025 में Schedule कर पुनः उनकी जाँच करायी गयी, जिसकी प्रमंडलवार उपलब्धि विवरणी प्रतिशत बढ़ते हुए क्रम में परिशिष्ट–2 में संलग्न है। जिसमें मुख्यतः कार्य प्रमंडल मनिहारी, मढ़ौरा, दाउदनगर, त्रिवेणीगंज, फारबिसगंज, इमामगंज, बाढ़ एंव मुजफ्फरपुर पूर्वी–2 में 50 प्रतिशत से भी कम निरीक्षण किया गया है।

जिन कार्य प्रमंडलों की उपलब्धि 100 प्रतिशत से कम है उन्हे निदेश दिया जाता है कि भविष्य में शत प्रतिशत निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

(अनुपालन–सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

(b) पंचवर्षीय अनुरक्षणाधीन पथों के Rectification Module में पुनः असंतोषजनक श्रेणी के पथः– नियमित निरीक्षण के क्रम में पाये गये त्रुटियों के निराकरण कर जाँच हेतु पथों को Rectificatuon

Module में Schedule किया गया था। जिसकी विवरणी परिशिष्ट–3 में संलग्न है। जिसमें कार्य प्रमंडल, किशगंज–2, झंझारपुर, दाउदनगर, वायसी, राजगीर, शिवहर एवं बाढ़ में 25 प्रतिशत से अधिक पथों में पुनः असंतोषजनक श्रेणी पायी है।

वैसे पथ जो पुनः असंतोषजनक श्रेणी में पाये गये अर्थात संवेदकों द्वारा त्रुटियों का निराकरण नहीं किया गया है वैसे पथों की कुल संख्या 565 है (पथों की सूची परिशिष्ट–4 संलग्न)। उक्त के क्रम में निदेशित किया जाता है कि इन पथों से संबंधित संवेदकों के विरूद्ध एकरारनामा के शर्तों के अनुसार नियमानुकूल कार्रवाई करते हुए बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के आलोक में काली सूची में दर्ज करने का प्रस्ताव समर्पित करें।

(अनुपालनः–सभी मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

3. **विशेष जाँचः**–विभाग द्वारा विशेष रूप से प्रत्येक कार्य अंचलवार भेजे गये Flying Squad के द्वारा किये गये निरीक्षण की विवरणी परिशिष्ट–5 में संलग्न है। विशेष अभियान के तहत जिला प्रशासन के द्वारा किये जा रहे निरीक्षण की विवरणी परिशिष्ट–6 में संलग्न है। उक्त के क्रम में निदेशित किया जाता है कि असंतोषप्रद (SRI/U) पाये गये पथों में आवश्यक सुधार कराकर 20 फरवरी, 2025 तक BRRMS App के माध्यम से निरीक्षण कर प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करें।

(अनुपालनः–संबंधित अधीक्षण अभियंता / संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

4. दिनांक 20 फरवरी, 2025 के उपरान्त पुनः BRRMS App के माध्यम से (Flying Squad) द्वारा पथों का निरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया जाय।

(अनुपालन – नोडल पदाधिकारी, BRRMS)

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Rajender 6.2.2025

(डॉ बी० राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः– 537/213 पटना, दिनांकः– 7/2/25

प्रतिलिपिः अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव / अभियंता प्रमुख / विशेष सचिव / संयुक्त सचिव–सह–अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, ब्राडा / संयुक्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rajender 6.2.2025

(डॉ बी० राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव